Nav Bharat (Indore), 27th September 2026, Page - 11

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया स्वच्छता का संदेश

नव भारत न्यूज

इंदौर। स्वच्छता ही सेवा-2026 अभियान के तहत आईआईटी इंदौर में 23 और 24 सितंबर को स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम हुए। 23 सितंबर को बाल्दा फार्म हाउस में अब दो नहीं, चार विषय पर सत्र आयोजित कर साफ-सफाई और प्रशासनिक कर्मचारियों को कचरे को स्रोत पर ही अलग करने की जानकारी दी गई। इस दौरान कम उपयोग, पुन- उपयोग, पुनर्चक्रण और प्लास्टिक को ना कहने के महत्व पर जोर दिया गया।



24 सितंबर को एलआरसी में पेशेवर कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक सहभागिता का संदेश दिया। कार्यक्रम में सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, देवास के 120 से अधिक विद्यार्थी अपने शिक्षकों के साथ शामिल हुए।नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में स्वच्छता और जिम्मेदार व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। दोनों कार्यक्रमों में कचरा पृथक्करण, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया गया।